The Supplementary Books are also stocked by the Sales Emporia of Publications Division, Ministry of Information and Broadcasting NCERT also entertains direct orders from institutions and individuals.

(b) Does not arise.

मोहल्ला कृष्णा नगर, उत्तर प्रदेश डाकघर

120. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार इलाहाबाद में मोहल्ला कृष्णा नगर में, जहां क्रमशः प्रत्येक 12 वर्षों तथा 6 वर्षों के बाद कुम्भ मेला तथा अर्द्धकुम्भ मेला लगता है तथा जहां प्रत्येक वर्ष माघ मेला लगता है, जिसमें लाखों तीर्थ यात्री, इलाहाबाद आते हैं तथा मोहल्ला कृष्णा नगर (कादीगंज) मेला क्षेत्र के बहुत निकट है, एक नया डाकघर खोलने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : मोहल्ला कृष्णा नगर, इलाहाबाद में नया डाकघर खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि कृष्णा नगर, इलाहाबाद में एक गैर-वितरण टाउन सब पोस्ट आफिस पहले से ही है। तथापि, कुम्भ और अर्धकुम्भ के मेलों के दौरान तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए सेक्टर-वार कैम्प आफिस खोले जाते हैं। माघ मेले में भी हर वर्ष अलग से एक डाकघर खोला जाता है।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

121. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी का हाल ही में पुनर्गठन किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका कार्यकाल क्या है; और

(ग) पुनर्गठित कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम एवं पदनाम क्या-क्या हैं ?

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (कुमारी ममता बनर्जी) :

(क) और (ग) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद् तीन वर्ष की अवधि के लिए इस मंत्रालय के दिनांक 28-10-91 के आदेश द्वारा पुनर्गठित की गई है। कार्यकारी परिषद् के सदस्यों के नाम और पदनाम निम्नलिखित हैं :—

1. प्रो० रघुनाथ यादव,
   प्रधान,
   कम्प्यूटर इंजीनियरी विभाग
   प्रौद्योगिकी संस्थान
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

2. प्रो० आर० एन० पाण्डेय,
   गणित प्रोफेसर,
   प्रयुक्त विज्ञान विभाग,
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

3. प्रो० लल्लन जी गोपाल,
   कला संकाय,
   बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

4. श्रीमती कपिला वात्स्यायन
   सचिव,
   इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
   नई दिल्ली

5. श्री शिव मंगल सिंह "सुमन"
   उपाध्यक्ष
   कालिदास अकादमी
   भूतपूर्व कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय
   उज्जैन

6. श्री एम०एल० सिहारे
   महानिदेशक,
   डा बाबा साहेब अम्बेडकर
   राष्ट्रीय संस्थान, महू, इन्दौर
   (भूतपूर्व अध्यक्ष, सं० लो० से० आ)